दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार, 19 अप्रैल 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### किशोर बालिका से छेड़खानी, थाने में रिपोर्ट होते ही गांव से फरार हुआ आरोपी

**रायगढ़।** दिनांक 17.04.2022 के रात्रि कोसीर थानाक्षेत्र का रहवासी थाना आकर उसकी नाबालिग बालिका के साथ गांव के दिलीप कुमार लहरे (38 साल) द्वारा इनके गैर मौजूदगी में घर घुसकी छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 17.04.2022 को करीब 3.00 बजे दिलीप कुमार लहरे सुने मकान में घुसकर लड़की को अकेली पाकर उसका हाथ बांह पकडकर छेडछाड कर रहा था जिसे किसी तरह लड़की अपने आप को बचाकर चिल्लाते हुए दूसरे मकान जहां लड़की की मां थी वहां पहुंची और घटना बताई। थाना प्रभारी कोसीर उप निरीक्षक जयमंगल पटेल द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 452, 354, 354(क) भादवि, 8, 10 पोक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर रात ही में आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया गया। घटना की रिपोर्ट की भनक लगते ही आरोपी गांव से फरार हो गया है। थाना प्रभारी द्वारा मुखबिरों को आरोपी के क्षेत्र में देखे जाने पर सूचना देने हिदायत दिया गया है।

### पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 24 अप्रैल को

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 24 अप्रैल 2022 को प्रात:10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सहायक प्राध्यापक किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ डॉ.शारदा घोघरे एवं शास.हाईस्कूल चांदमारी, रायगढ़ के व्याख्याता निराकार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह खरसिया तहसील स्थित परीक्षा केन्द्रों के सफल संचालन हेतु संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता एवं एसडीएम खरसिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### लू से बचाव एवं प्रबंधन कार्य हेतु डिप्टी कलेक्टर रोहित कुमार सिंह नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए लू (तापघात)से उत्पन्न स्थिति से निपटने तथा जनसमुदाय को लू से बचाव एवं प्रबंधन कार्य हेतु डिप्टी कलेक्टर रोहित कुमार सिंह को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### कमिश्नर आज कलेक्टरों की कांफ्रेंस में करेंगे समीक्षा

**रायगढ़ ।** कमिश्नर डॉ.संजय अलंग कल 19 अप्रैल को संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों की कॉन्फ्रेंस में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सबेरे 11 बजे से शुरू होगी। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिलों और संभागीय विभागीय अधिकारियों से सभी संबंधित विषयों और बिन्दुओं पर समीक्षा और विस्तृत चर्चा करेंगे। इसमें राजस्व प्रशासन, विकास, जन हित और जनता के कार्यों की सरलता, लोक सेवाओं का सरल और समय पर निराकरण सहित सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। इसमें संभाग के सभी कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और विभिन्न लाइन विभागों के संभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

# 244 अशासकीय विद्यालयों में आरटीई के तहत दिए गए प्रवेश, मान्यता एवं शुल्क निर्धारण संबंधी दस्तावेजों का हुआ द्वारा सघन परीक्षण

**❑ फीस नियमन समिति के बिना अनुमोदन तथा 8 प्रतिशत से अधिक विद्यालयीन शुल्क में वृद्धि करने पर होगी कड़ी कार्यवाही**



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस अधिनियम 2020 के तहत अशासकीय विद्यालयों के द्वारा सत्र 2022-23 में निर्धारित शुल्क का परीक्षण, आरटीई के तहत दिए गए प्रवेश एवं मान्यता संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण हेतु जिला स्तरीय/नोडल अधिकारियों की टीम गठित की गई थी। कलेक्टर सिंह के निर्देशानुसार अशासकीय विद्यालयों द्वारा मान्यता संबंधी नियमों की अनदेखी, समिति के बिना अनुमोदन व विद्यालयीन शुल्क में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि संबंधी प्रकरणों में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल व नोडल अधिकारियों ने निर्दिष्ट 09 विकासखंडों के 244 अशासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर जांच किया। 09 विकासखंडों के 244 अशासकीय विद्यालयों में हुए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गठित जिला निरीक्षण दल एवं 09 नोडल अधिकारियों ने अशासकीय विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय सीमा दिसंबर 2021 के पूर्व व फीस नियमन समिति के अनुमोदन से गत वर्ष 2021-22 की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि वर्तमान सत्र 2022-23 में की गई है इस संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए अशासकीय विद्यालयों में आरटीई के तहत दिए गए प्रवेश संबंधी दस्तावेजों की जांच कर निर्देशानुसार जांच प्रतिवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के मान्यता खंड में प्रस्तुत किया।

उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय निरीक्षण दल/नोडल अधिकारियों ने निर्धारित शुल्क के साथ शाला की मान्यता, विभागीय अनुमति कब से कब तक प्राप्त है तथा इसका उल्लेख सूचना पटल पर अंकित है अथवा नहीं एवं अशासकीय शाला में आरटीई के तहत कितने बच्चों को प्रवेश दिया गया है और सभी बच्चे वर्तमान में शाला में अध्ययनरत हैं अथवा नहीं, स्कूल में गणवेश एवं पुस्तक की सप्लाई कौन करता है आदि विभिन्न निर्दिष्ट बिंदुओं पर जांच कर अपना प्रतिवेदन संबंधित खंड प्रभारी को सौंपा है। विदित हो कि जिले के 09 विकासखंडों के कुल 244 विद्यालय में हुए निरीक्षण के दौरान किसी भी अशासकीय विद्यालयों में अब तक 8 प्रतिशत से अधिक शुल्क की वृद्धि होना नहीं पाया गया। निरीक्षण के द्वारा निरीक्षण दलों द्वारा अशासकीय विद्यालय प्रबंधन को कड़ी ताकिद दी गई है कि भविष्य में फीस नियमन समिति के अनुमोदन नहीं होने, मान्यता संबंधी नियमों की अनदेखी करने अथवा 8 प्रतिशत से अधिक की शुल्क वृद्धि किए जाने पर विभाग द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**विकास खंडों में निरीक्षण के आंकड़े-** जिले के 9 विकास खंडों में अशासकीय स्कूलों में मान्यता, शुल्क वृद्धि व आरटीई के तहत दिए गए प्रवेश संबंधी दस्तावेजों की जांच करने के लिए गठित जिला निरीक्षण दल व 9 नोडल अधिकारी प्राचार्यों द्वारा रायगढ़ के 17, पुसौर के 20, सारंगढ़ के 48, बरमकेला के 38, खरसिया के 18, तमनार के 24, लैलूंगा के 34, धर्मजयगढ़ के 31 व घरघोड़ा के 14 सहित जिले के कुल 244 अशासकीय विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया।

## नाबालिग से अनाचार के आरोप में आरोपित अपचारी बालक गिरफ्तार

**❑ सरिया पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर पोक्सो एक्ट में भेजा किशोर न्यायालय**

**रायगढ़।** दिनांक 17.04.2022 को थाना सरिया में महिला अपने पति व बेटी के साथ थाना आकर थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल को उसकी बेटी के साथ उसके घर के पास किराये मकान में रहने वाला लड़का दुष्कर्म करना बताई। संवेदनशील घटना को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा महिला निरीक्षक कौशल्या साहू को नाबालिग बालिका का कथन एवं एफआईआर लेने सरिया रवाना किया गया।

पीड़ित की ओर से उसकी मां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 16/04/2022 की रात सोते समय अचानक उसकी बेटी बताई कि जिस दिन पड़ोस वाला सोनू (काल्पनिक नाम) के घर उसके मम्मी पापा आये थे।

उस दिन सोनू लड़की व एक और बच्चे को छत पर ले गया। जहां दूसरे बच्चे को खेलने में लगाकर लड़की के साथ अशोभनीय कृत्य करने लगा। लड़की विरोध की तो उसे धमकाया और उसके साथ गलत काम (बलात्कार) किया है और किसी को भी इस बारे में मत बताना बोला। लगभग 10 दिन पहले (दि. 07/04/2022) घटित घटना की जानकारी से परिजन दंग रह गये। दूसरे दिनांक सरिया में रिपोर्ट दर्ज कराने पर सरिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपित विधि के साथ संघर्षरत बालक (14 साल) पर धारा 376 IPC, 4,6,8,10 Posco Act का अपराध दर्ज कर तत्काल थाना प्रभारी उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## नियमित मॉनिटरिंग के साथ तेजी से पूरा करें निर्माण कार्य : कलेक्टर

**❑ कलेक्टर सिंह ने ली पीडब्लूडी, सेतु एवं एनएच विभाग की समीक्षा बैठक**



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज निर्माण कार्यों से जुड़े विभाग लोक निर्माण विभाग, सेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागों द्वारा जिले में किए जा रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्य पूर्णता के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाना है। इसके लिए सभी अधिकारी नियमित रूप से कार्य की मॉनिटरिंग करें। समस्यायें आ रही है तो अवगत करायें जिससे उनका निराकरण कर समय-सीमा में काम पूरा किया जा सके।

कलेक्टर सिंह ने कार्यपालन अभियंता एडीबी से उनके एजेंसी के तहत जिले में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण की धीमी प्रगति को लेकर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि जहां भी निर्माण कार्य में दिक्कत आ रही है उसकी जानकारी तत्काल दिया करें जिससे संबंधित एसडीएम को निर्देशित कर समस्या का निराकरण करवाते हुए निर्माण कार्य सुचारू रूप से जारी रखा जा सकेगा। उन्होंने एडीबी के तहत रायगढ़ व खरसिया में चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सड़कों के भू-अर्जन से जुड़े मामलों का निराकरण भी त्वरित रूप से करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने पीएमजीएसवाय रायगढ़ व धरमजयगढ़ के अंतर्गत बन रही सड़कों की भी समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की और उनको दिए गए कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में सेतु निर्माण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पीडब्लूडी के द्वारा किए जा रहे भवन निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने सूरजगढ़ पुल निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। ईई पीडब्लूडी ने बताया कि मई माह में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिसके पश्चात वहां चौबीस घंटे ट्रेफिक चालू हो सकेगा। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने बैठक में चंद्रपुर ब्रिज में चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्य के संबंध में जानकारी ली तथा काम जल्द पूरा करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को दिए।

कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करें, जहां समस्या आ रही है उसके बारे में तत्काल सूचित करें जिससे उसका जल्द निराकरण करते हुए समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्ण सड़कें तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि आगामी बैठकों से फोटो प्रजेन्टेशन के माध्यम से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, ईईपीडब्लूडी आर.के. खाम्बरा, ईई पीएमजीएसवाय रायगढ़ मिंज, एसडीओ ईएण्डएम पीडब्लूडी मुकेश शर्मा तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## होली के शाम मारपीट मामले के 6 आरोपियों को बलवा और आर्म्स एक्ट में कोतवाली पुलिस ने भेजा जेल



**रायगढ़।** दिनांक 18/03/2022 के शाम कोतरारोड दूध डेयरी के पास राजीव नगर में रहने वाले प्रकाश साहू पिता गोरेलाल साहू (23 साल) एवं उसके साथ चीकू ऊर्फ मयंक, प्रकाश नेताम के साथ पुरानी रंजीश को लेकर राकेश महंत उर्फ गोलू, डेविड, लक्ष्मीकांत एवं भुरू नाम के लड़के गाली गलौच कर मारपीट किये। घटना दौरान राकेश महंत उर्फ गोलू चाकू निकाल कर चीकू ऊर्फ मयंक पर हमला किया बीच बचाव करने आये प्रकाश को भी चाकू से मारा। आहत चीकू उर्फ मयंक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट प्रकाश साहू द्वारा थाना कोतवाली में दर्ज कराने पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 521/2022 धारा 294, 506, 323, 34 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरम्यान मारपीट में घायल हुए चीकू उर्फ मयंक यादव व गवाह बताएं कि चार नामजद आरोपियों के अलावा राहुल मेहता व आदर्श चौहान भी एक राय होकर आरोपियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में मारपीट किया गया था। जिस पर प्रकरण में धारा 34 IPC हटाकर बलवा की धारा 147, 148, 149 तथा चाकू से वार करने पर 25, 27 आर्म्स एक्ट की धारा प्रकरण में विस्तार करते हुए 6 आरोपी (1) राहुल मेहता पिता शशिभूषण मेहता उम्र 21 वर्ष निवासी दरोगापारा वार्ड क्रमांक 38 चौकी जूटमिल रायगढ़ (2) ललित विश्वास उर्फ गुरु पिता लाला विश्वास उम्र 21 वर्ष निवासी कोतरारोड सोनिया नगर (3) डेविड बैरागी पिता ऋषिकेश बैरागी उम्र 22 वर्ष निवासी कोतरारोड सोनिया नगर (4) राकेश महंत उर्फ गोलू पिता गुरमीत दास महंत उम्र 20 वर्ष निवासी कोतरारोड सोनिया नगर (5) आदर्श चौहान पिता सुनील चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी कोतरारोड सोनिया नगर (6) लक्ष्मीकांत वैष्णव पिता तुलसी दास वैष्णव उम्र 20 वर्ष निवासी कोतरारोड सोनिया नगर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर एवं उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा, प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू एवं हमराह स्टाफ शामिल थे।

## ऑनलाइन सट्टा ले रहे दो आरेपी गिरफ्तार, बीस हजार नगदी के साथ लाखों के सट्टा पट्टी व मोबाइल जब्त



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सुमंत राम साहू द्वारा क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही के लिए मुखबीर सक्रिय किया गया था जिनके द्वारा महका एवं गंज बाजार में रहने वाले गगन अग्रवाल तथा रिकेश राय के द्वारा आईपीएल मैच दौरान ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा लेने की सूचना दिया गया जिस पर थाना प्रभारी अपने टीम के साथ जाकर रेड किया गया। इस दौरान दोनों से नकदी, मोबाइल एवं लाखों के क्रिकेट सट्टा का हिसाब किताब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना खरसिया में धारा 4 (क) छत्तीसगढ़ सट्टा अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

आरोपियों से जब्ती का संक्षिप्त विवरण- (1) गगन अग्रवाल पिता अनूप अग्रवाल 41 वर्ष गंज बाजार खरसिया, जप्ती नगद 8,550/- , मोबाईल फोन , लाखो की सट्टा पट्टी। (2) रिकेश राय पिता रमाशंकर राय उम्र 37 वर्ष ग्राम रतन महका खरसिया ,जप्ती नगद 11,610/-, मोबाईल फोन लाखो की सट्टा पट्टी।

## "पुलिस जन चौपाल" में शिकायतों के समाधान के साथ लोगों को किया जा रहा जागरूक, सभी थानाक्षेत्र में लगाये जा रहे चौपाल

**❑ मदनपुर के चौपाल में चौकी प्रभारी खरसिया ग्रामीणों को बताये साइबर ठगी से बचने के उपाए**




**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर सभी थाना, चौकी क्षेत्र अन्तर्गत "पुलिस जन चौपाल" लगाया जा रहा है। कल दिनांक 17.04.2022 को खरसिया पुलिस द्वारा ग्राम बानीपाथर, ग्राम पंडरीपानी में, चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम महापल्ली एवं लोइंग, चौकी जोबी ग्राम नंदगांव, केडार पुलिस द्वारा ग्राम देवगांव,पुजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम छर्राटांगर, बरमकेला पुलिस द्वारा ग्राम आमोदी में जन चौपाल के जरिये लोगों से रूबरू होकर उनकी लिखित एवं मौखिक शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही किया गया एवं रहवासियों को अपराधों की जानकारी दी गई।

पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम छर्राटांगर में आयोजित जन चौपाल में उप पुलिस अधीक्षक राकेश भोई (बालक विरूध अपराध अनुसंधान इकाई) द्वारा ग्रामीणों को जमीन संबंधी मामलों में बेवजह झगड़ा विवाद न करने की समझाइश दिये। उनके द्वारा ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देकर अवैध शराब, जुआ सट्टा की सूचनाओं पर पुलिस वैधानिक कार्रवाई करना बताये। चौपाल में टीआई कृष्णकांत सिंह एवं थाना स्टाफ भी मौजूद थे।

दिनांक 18.04.2022 को चौकी प्रभारी खरसिया द्वारा ग्राम मदनपुर में "पुलिस जन चौपाल" लगाया गया। चौकी प्रभारी नंद किशोर गौतम द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर क्राईम के केस बताकर उन्हें ऑनलाइन ठगी से बचने व सतर्क रहने के उपाए बताये। चौकी प्रभारी द्वारा बढते सड़क दुर्घटनाओं से बचने लोगों को तेज गति से वाहन चलाने से बचने एवं दुपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने कहा गया। चौकी प्रभारी द्वारा महिला एवं बच्चों पर घटित अपराधों पर पुलिस की कठोर कार्रवाई की जानकारी दिए तथा महिलाओं को प्राप्त होनी वाली विधिक सहायता के बारे में बताया गया।

टीआई बरमकेला एल.पी. पटेल द्वारा ग्राम लुधिया में जन चौपाल में उपस्थित लोगों को एटीएम कार्ड के नाम पर ठगी, फेक काल, महिला सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण जानकारी देकर ग्रामवासियों को जुआ, शराब, गांजा कीअवैध बिक्री पर रोक लगाने पुलिस को सूचनाएं देने अपील किया गया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र अंतर्गत लगाए गए पुलिस जन चौपालों में पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया है।

## आयुष्मान स्वास्थ्य मेला में 3483 हितग्राही हुए लाभान्वित



**रायगढ़ ।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर एवं बरमकेला में आयुष्मान हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 3483 हितग्राही लाभान्वित हुए। पुसौर में नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश थवाईत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर कसेर, सीएमएचओ डॉ.एस. एन.केशरी, टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, बीएमओ डॉ.बी. के.चंद्रवंशी, डॉ.दिनेश नायक, चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजय पटेल, बीपीएम केशल जायसवाल, बीपीएम नवीन शर्मा, बायोमेडिकल इंजीनियर नीतिराज सिंह, एम.एस. पटनायक सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने आए हितग्राही उपस्थित रहे। पुसौर में आयोजित आयुष्मान हेल्थ मेला में 1729 हितग्राही लाभान्वित हुए। शिविर में 30 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड एवं 50 लोगों का हेल्थ कार्ड बनाया गया। वहीं 10 व्यक्यिों ने रक्तदान भी किया और तीन लोगों ने अपना देहदान मेडिकल कालेज रायगढ़ को किया। इसी तरह बरमकेला में 1754 हितग्राही लाभान्वित हुए। जिनमें 56 लोगों का हेल्थ आईडी कार्ड, 53 का आयुष्मान कार्ड, 234 लोगों का मोतियाबिंद जांच एवं 16 लोगों ने रक्तदान किया।

सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया आयुष्मान स्वास्थ्य मेले में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुख कैंसर की जांच की जा रही है। साथ ही यहां डिजीटल स्वास्थ्य आईडी कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाये जा रहे है। इसी तरह जागरूकता तथा स्वास्थ्य शिक्षा, बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं, टेली कंसल्टेशन तथा रेफरल एवं योग, ध्यान जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं को जनमानस तक पहुंचाने और उन्हें उससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।

विकासखण्डवार सीएचसी में 22 अप्रैल तक चलेगा आयुष्मान हेल्थ मेला

आयुष्मान हेल्थ मेला का आयोजन जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में प्रात:10 से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। जिसके तहत 19 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग एवं धरमजयगढ़ में, 20 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा, सारंगढ़ एवं तमनार में एवं 22 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरसिया एवं लैलूंगा में होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480